जन सुराज

JAN SURAAJ

मेधा छात्रवृत्ति

यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित करते हैं,
यदि आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप पूरे परिवार को शिक्षित करते हैं

-महात्मा गाँधी

100 छात्रवृत्ति | **15** लाख | **01** साल

जन सुराज अभियान क्या है?

जन सुराज बिहार में जन भागीदारी द्वारा परिवर्तनकारी बदलाव लाने का एक अभियान है। जन सुराज एक लोकतांत्रिक मंच के जरिये बिहार के भविष्य और वर्तमान की चिंता करने वाले सही लोगों को सही सोच के साथ सामूहिक प्रयास की ओर प्रेरित कर रहा है। जन सुराज का उद्देश्य बिहार में नयी राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करना और आने वाले 10 वर्षों में बिहार को देश के शीर्ष राज्यों में शामिल करना है। बिहार की राजनीति को धर्म और जाति आधारित मुद्दों से हटकर, रोजगार, आर्थिक और सामाजिक विकास जैसी जमीनी समस्याओं पर केंद्रित करना ही जन सुराज का मुख्य उद्देश्य है।

जन सुराज मेधा छात्रवृत्ति क्यों?

महात्मा गाँधी जी का मानना था कि महिला को शिक्षित करने से परिवार और समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। गाँधी जी के सपने को साकार करने के लिए जन सुराज की पहल है- जन सुराज मेधा छात्रवृत्ति। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत बिहार की 100 मेधावी छात्राओं को 1 साल तक कुल 15 लाख रुपए की छात्रवृत्ति देने का प्रावधान किया गया है।

गरीब और पिछड़े राज्य बिहार में महिला साक्षरता दर मात्र 51.5 फीसदी है। इस मामले में बिहार देश का सबसे पिछड़ा राज्य है। आज बिहार में प्रत्येक 100 लड़कियों में से केवल 44 ही 10वीं पास कर पाती हैं, मात्र 24 लड़कियाँ 12वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी कर पाती हैं वहीं, सिर्फ 3 लड़कियों को कॉलेज की शिक्षा पूरी करने का मौका मिलता है।

गांधी जी के विचारों से प्रेरणा लेते हुए, इस सामाजिक और शैक्षणिक भेदभाव को दूर करने के लिए जन सुराज अभियान प्रतिबद्ध है। जन सुराज मेधा छात्रवृत्ति के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्राओं के उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस सहयोग राशि से छात्राएं अपनी पढ़ाई के खर्च का वहन कर सकेंगी और नए अवसर तलाश कर अपना भविष्य सुनिश्चित कर पाएंगी।

जन सुराज मेधा छात्रवृत्ति के लिए कौन पात्र है?

बिहार की रहने वाली कोई भी महिला जिनकी अधिकतम उम्र 25 वर्ष हो और 12वीं पास या 12वीं की परीक्षा दे रही हों। कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली या प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने वाली कोई भी छात्रा इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकती है। गैप ईयर की छात्राएं भी इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। राज्य या राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी इस छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

छात्रवृत्ति से मिली राशि का उपयोग कॉलेज और विश्वविद्यालय की फीस, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए किया जा सकता है।

जन सुराज छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कैसे करें?

www.jansuraaj.org/mahila_scholarship/

जन सुराज मेधा छात्रवृत्ति के लिए चयन प्रक्रिया क्या होगी ?

- सभी आवेदनों की जांच के बाद परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का नाम शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
- परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारों को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर कॉल/एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।
- परीक्षा में मिले अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। डॉक्यूमेंट की जांच के बाद छात्रवृति के लिए 100 छात्राओं की मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।
- मेरिट लिस्ट जन सुराज की वेबसाइट www.jansuraaj.org पर जारी की जाएगी।

02 फरवरी, 2023
आवेदन शुरु

08 मार्च, 2023
मेरिट लिस्ट की घोषणा

01 अप्रैल, 2023
छात्रवृत्ति शुरु

जन सुराज JAN SURAAJ

मेधा छात्रवृत्ति

समयसारिणी

मेरा मानना है कि शिक्षा हर महिला की मुक्ति की कुंजी है

- सावित्रीबाई फुले

स्कैन और रजिस्टर करें

www.jansuraaj.org/mahila_scholarship/

JanSuraajOfficial jansuraajonline